सार-समाचार

रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्थानीय प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान कुहू इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम में भव्य रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर रहे। विशिष्ट अतिथियों में सभापति शिवरतन अग्रवाल,प्रधान मंजू गुर्जर,जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल,जिला महामंत्री विनोद अटल,सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल शर्मा,पूर्व जिला अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा,जिला अध्यक्ष शिवचरण शर्मा 'अन्ना',विप्र फाउंडेशन विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट संदीप शर्मा सहित अनेक शिक्षाविद एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मानसिंह गुर्जर एवं विशिष्ट अतिथि शिवरतन अग्रवाल ने अपने संबोधन में विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ.हेमंत शर्मा, प्रधानाचार्य डॉ.मिथिलेश शर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की मेहनत,लगन और समर्पण के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों का शैक्षिक,संस्कारिक एवं सर्वांगीण विकास संभव हो पाया है। विद्यालय ने न केवल गंगापुर सिटी बल्कि संपूर्ण पूर्वी राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान स्थापित की है। समारोह के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें देखकर उपस्थित विद्यार्थी,अभिभावक एवं अतिथि भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ. मिथिलेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय परिवार ने अभिभावकों के विश्वास पर खरा उतरते हुए विद्यार्थियों को जेईई,नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के शिखर तक पहुँचाया है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार अभिभावकों के सहयोग और विश्वास की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया,जो अत्यंत सराहनीय रहा।

भागवत कथा में नंदोत्सव में झूमे श्रोता

गंगापुर सिटी, (निसं)। सैनिक नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बुधवार को नंदोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्म और नंदोत्सव के प्रसंगों का वर्णन किया गया, जिससे कथा स्थल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भजनों और कीर्तन पर नृत्य करते देखे गए। आयोजक मुरारीलाल चंद्रभान के यहां चल रही कथा में कथावाचक पं. देवीप्रसाद शास्त्री कैमला ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए हुआ था। नंदोत्सव के प्रसंग में उन्होंने गोकुल में कृष्ण जन्म के बाद हुए उत्सव का उल्लेख किया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया, जिसमें माखन चोरी और गोपियों के साथ उनकी लीलाएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, पूतना, कालिया नाग, शकटासुर जैसे असुरों के संहार की कथाएं भी सुनाई गईं। कथावाचक ने इन प्रसंगों के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया।गोवर्धन पूजा के प्रसंग में पं. शास्त्री ने प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को तोड़कर गोकुलवासियों को आत्मनिर्भरता और सामूहिकता का मार्ग दिखाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाए और भजनों का आनंद लिया। नंदोत्सव के अवसर पर फूलों की होली खेली गई और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से कथा स्थल गूंज उठा। भजनों की प्रस्तुति पर महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित थे। कथा में हरिनारायण, शिंभूदयाल, रामखिलाड़ी, मोहन, महेश शर्मा, रामेश्वर शर्मा, योगेंद्र कुमार, बालकिशन, तरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

रूपवास को मिली एडीजे कोर्ट की सौगात

रूपवास, (निसं)। राजस्थान बजट 2026- 27 में बयाना विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्यों के लिए कई प्रावधान किए जाने पर क्षेत्रीय विधायक डॉ रितु बनावत ने राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी जी को आभार व्यक्त किया। विधायक डॉ रितु बनावत ने बताया बजट में बयाना के कनावर में कृषि महाविद्यालय की घोषणा के साथ-साथ रुदावल में बाईपास निर्माण हेतु 60 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं एवं रूपवास में अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश न्यायालय , स्टेट हाईवे 45 पर ब्रह्मवाद में निर्माण की स्वीकृति, रिछोली में 33 केवी जीएसएस निर्माण, तथा गंभीर नदी पर एनीकेटों के निर्माण की डीपीआर हेतु एक करोड रुपए वहीं बयाना-रूपबास के किसानों के लिए सिंचाई सुविधा के लिए बंध बरेठा में भराव क्षमता बढ़ाने हेतु 60 करोड रुपए की राशि स्वीकृति के साथ-साथ बयाना विधानसभा में ऐतिहासिक कार्यों के लिए बजट में घोषणा की गई है।विधायक रितु बनावत ने बताया कि इस बजट में हमारी कुछ मांगे छूट गई है जिनमें प्रमुख रूप से घाटोली से मेरथा, मिलसमा सड़क और धौलपुर रोड सामरी मोड़ से सिंघावली तक सड़क निर्माण तथा वही महत्वपूर्ण थाना डांग में 33 केवी जीएसएस निर्माण की मांग को अनुपूरक बजट में स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जाएगा

'दीनदयाल उपाध्याय सैद्धांतिक राजनीति के पक्षधर थे'

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि पर भाजपा ने मनाया समर्पण दिवस
- एकात्म मानववाद, अंत्योदय के विचारों से जुड़ने का आव्हान

गंगापुर सिटी, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को श्समर्पण दिवसश के रूप में मनाया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों से जुड़ने का आह्वान किया गया। यह कार्यक्रम नसिया कॉलोनी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित किया गया। यहां उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने की। इस अवसर पर निर्वतमान सभापति शिवरतन अग्रवाल, मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, मन की बात जिला प्रभारी डॉ. हेमंत शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नागेश लोढ़ी सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना ने पंडित उपाध्याय के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। खटाना ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सैद्धांतिक राजनीति के पक्षधर थे और उन्होंने ''एकात्म मानववाद'' का सिद्धांत देश को दिया।

उनका मानना था कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने जनसंघ की स्थापना से लेकर भाजपा की वैचारिक नींव को मजबूत करने में उनके संघर्षमय जीवन के योगदान पर भी बात की। मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव ने पंडित उपाध्याय द्वारा अपनाई गई सुचिता की राजनीति और तुष्टिकरण के विरोध में अंत्योदय व एकात्म मानववाद जैसे विचारों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में निर्वतमान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से पंडित उपाध्याय के विचारों से प्रेरणा लेकर जनता के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन धनेश शर्मा ने किया और अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा संयोजक प्रदीप सरकार, राधा दीक्षित,गोपाल दीक्षित, विकास सैनी, एडवोकेट तन्मय श्रीवास्तव, मुकेश प्रजापत, जीतू गुर्जर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्रेशर की धूल व ब्लास्टिंग से ग्रामीण परेशान

भरतपुर, (निसं)। भुसावर क्षेत्र में जानलेवा बनती क्रेशर की धूल और ब्लास्टिंग का कहर क्रेशर संचालकों को मानव जीवन की चिंता नहीं है, उन्हें केवल स्वयं के कारोबार की चिंता है। वे प्रशासन, वन एवं खनिज विभाग से मिलीभगत कर खुलेआम विस्फोट कर पहाड़ की खुदाई करने लगे हैं। पत्थर उछल कर आबादी क्षेत्र में गिरते हैं और क्रेशर की धूल उड़कर फसल पर गिरती है। घरों में दरारें आने लगी हैं और फसल की पैदावार पर बुरा असर पड़ता है।

रात्रि के समय विस्फोट की आवाज से ग्रामीण भयभीत हो जाते हैं और नींद गायब हो जाती है। प्रभावित क्षेत्र और अधिकारियों के तर्क गांव घाटरी, मंसापुरा, जसवर, सुआकी, कारवान, कोटकी, नयागांव खालसा, सुहारी, खोहरा, भौडागांव, हाथौडी, खातीपुरा, महाराजपुरा, सामन्तपुरा, पथैना, भुसावर, वैर, नीमली आदि स्थान पर अवैध खनन जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा से अवैध खनन के बारे में शिकायत की, पर उपखंड अधिकारी का एक ही जवाब मिलता है खनन विभाग के साथ मिलकर कार्यवाही की जाएगी। पर पांच महीने गुजर जाने के बाद भी न तो रेवेन्यू विभाग ने कार्यवाही की और न ही खनन विभाग ने। केवल उजड़ती ही पहाड़ियों का नजारा रेवेन्यू विभाग देख रहा है। कुछ ठ्ठामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस, रेवेन्यू व खनन विभाग को पैसे दिए जाते हैं इसलिए प्रशासन कार्यवाही नहीं करता है। जब अवैध खनन के बारे में रेंजर राजेश शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया हमारी टीम वन क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने में लगी हुई है

भाजपा ने बजट को प्रदेश के विकास में मील का पत्थर बताया

- 'बजट किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और गरीब के उत्थान को समर्पित बजट है'

गंगापुर सिटी, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की वित्त मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में वर्ष 2026-27 हेतु बजट पेश किया गया।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि सत्र 2026-27 के बजट के संदर्भ में भाजपा जिला सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ने कहा कि उक्त ऐतिहासिक बजट है,बजट में सम्पूर्ण प्रदेश के विकास पर ध्यान दिया गया है। प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विकसित राजस्थान के निर्माण का बजट है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।सर्व समावेशी और सर्व हितैषी बजट है। बजट किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और गरीब के उत्थान को समर्पित बजट है। बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर जोर दिया गया है। बजट में 6500 गांवों तक हर घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में महिलाओं को अब 1.50 लाख तक के लोन का प्रावधान किया गया है, वही जिन मरीजों के पास डॉक्यूमेंट्स नहीं है उन्हें भी राजस्थान में फ्री इलाज मिलेगा। जलदाय विभाग में 3000 संविदाकर्मियों की भर्ती की जावेगी, जबकि 5000 होमगार्ड की भी भर्ती की जावेगी। राजस्थान के बजट को निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, जिला महामंत्री विनोद अटल, जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, उदय सिंह गुर्जर, जमनालाल वैष्णव, डॉ.हेमंत शर्मा, गिरधारी सोनी, पुखराज सलेमपुर, पार्षद गोविन्द पाराशर, मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, रामभरोसी वैष्णव, चतुर्भुज गोयल, कमलेश महावर, नितेश मोदी, रामसिंह खटाना, नागेश लोढ़ी, ओमी कटारिया, मनोज बंसल, राधा दीक्षित, सुनीता वैष्णव, गौरंती मीणा, गोपाल धामोनिया, गोविंद गुप्ता, अंकित तंवर, गोपाल दीक्षित, नरेश दुबे, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, चिरंजी लोधा सहित समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उक्त बजट को किसान युवा एवं महिलाओं को समर्पित बताते हुए प्रदेश के विकास में मील का पत्थर बताया।

शिविर संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पंचायत समिति सभागार में एसीजेएम मीनाक्षी चौधरी के निर्देशन में हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य सीनियर सिटीजन के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर में अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, उनके संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों और परिवार की जिम्मेदारियों पर विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बुजुर्गों का सम्मान और उनकी देखभाल करना न केवल सामाजिक कर्तव्य है, बल्कि कानूनी रूप से भी आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपने परिवार के बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील रहने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह निषेध कानून के बारे में भी जानकारी दी गई।

सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत मनाया सुपोषण दिवस

- 250 आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिली पोषाहार जानकारी

गंगापुर सिटी, (निसं)। ''सम्पूर्णता अभियान 2.0'' के तहत सुपोषण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समेकित बाल विकास सेवाओं के अंतर्गत गंगापुर सिटी को एक आकांक्षी ब्लॉक के रूप में चुना गया है। इस दौरान 250 आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पूरक पोषाहार के महत्व की जानकारी दी गई। यह अभियान 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य लक्ष्य विभाग के सात संकेतकों में से पूरक पोषाहार से जुड़े दो प्रमुख संकेतकों-गर्भवती महिलाओं और छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों को पूरक पोषाहार-का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

इसी उद्देश्य से गंगापुर सिटी परियोजना क्षेत्र के सभी 250 आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक साथ सुपोषण दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लाभार्थियों को पूरक पोषाहार के महत्व, संतुलित आहार, पोषण से होने वाले लाभ और इसके नियमित सेवन के बारे में विस्तार से बताया गया। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी के निर्देशन में मंगलवार को विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुपोषण दिवस की गतिविधियां संपन्न हुईं। उन्होंने मौजूद महिलाओं और अभिभावकों को श्सम्पूर्णता अभियान 2.0श के उद्देश्यों और इसकी अवधि के बारे में जानकारी दी। साथ ही, पोषण संबंधी योजनाओं का लाभ नियमित रूप से लेने के लिए प्रेरित किया। विभागीय अधिकारियों ने अभियान के माध्यम से पोषण संकेतकों में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

भरतपुर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि मनाई गई। भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाता है। 11 फरवरी 1967 को मुगलसराय के पास उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का सिद्धान्त भारतीय समाज और संस्कृति के प्रति उनके गहरे दृष्टिकोण को दर्शाता है। पंडित दीनदयाल की सोच यह थी कि समाज के सभी पिछडे वर्गों को उन्नित के समान अवसर मिलने चाहिए।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जगदीश अजान, रज्जन सिंह, श्याम सुन्दर गौड, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, जिला प्रवक्ता देवेन्द्र चामड, संजीव शर्मा, चन्द्रवीर जघीना, कविता गोयल, अनामिका चौधरी, सविता फौजदार, रजनी जाटव, संतोष खण्डेलवाल, तेजवीर मीणा, दीपेन्द्र गणेशिया, पंकज शर्मा, आकाश हथैनी, योगा सहनावली, तेजराज इन्द्रौलिया, अभय गुर्जर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहर में लगेंगी 900 नई स्ट्रीट लाइटें

हिण्डौन सिटी, (निसं)। राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा बुधवार को विधानसभा में पेश किए गए तीसरे बजट में हिंडौन सिटी को महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बजट प्रस्तुत करते हुए प्रदेशभर के लिए कई जनकल्याणकारी घोषणाएँ कीं, जिनमें 8वें वेतन आयोग के गठन हेतु समिति, 'सबको फ्री इलाज' योजना, किसानों को सस्ती बिजली तथा होमगार्ड के 5 हजार पदों के सृजन की घोषणा प्रमुख रही।

बजट में नगरीय निकायों के सुदृढ़ीकरण के तहत हिंडौन नगर परिषद क्षेत्र में करीब 900 नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की घोषणा की गई है। नगर परिषद के सहायक अभियंता अरविंद मीना के अनुसार इन लाइटों से मुख्य मार्गों के साथ-साथ कॉलोनियों और गलियों में भी बेहतर रोशनी की व्यवस्था होगी। इससे शहर की सुरक्षा और सौंदर्य दोनों में सुधार आएगा।

परिषद क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान हेतु 71 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी दी गई है। मानसून के दौरान भारी वर्षा से उत्पन्न बाढ़ जैसे हालातों के बाद व्यापारियों और आमजन द्वारा ड्रेनेज सिस्टम सुधार की मांग लगातार उठाई जा रही थी। कटरा बाजार संघर्ष समिति के योगेश जमालपुरिया ने बताया कि खारी नाला के पटाव और ढकाव कार्य के बाद से जलनिकासी की समस्या गंभीर हो गई थी। पिछले सात वर्षों से बारिश के दिनों में मुख्य बाजारों सहित 13 कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति बन जाती थी। वर्ष 2023 में लगातार भारी बारिश के कारण स्थिति और अधिक विकट हो गई थी।

आपदा मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने उस दौरान क्षेत्र का दौरा कर हालातों का जायजा लिया था। बाद में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। इसके उपरांत डीएलबी सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ इंजीनियरों द्वारा सर्वे कर 71 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर नगर परिषद को सौंपी गई थी, जिसे अब बजट में स्वीकृति मिल गई है।

राज्य बजट जनता के साथ धोखा : सूपा

भरतपुर, (निसं)। राज्य विधानसभा में वित्त एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किए गए बजट में आम आदमी की मूलभूत आवश्यकताओं संबंधित तथा भरतपुर संभाग में कोई भी विकासोन्मुखी विशेष पैकेज न दिए जाने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने राज्य बजट को जनता के साथ धोखा बताते हुए कड़ी आलोचना की है। कांग्रस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि भरतपुर मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बाद भी जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए, अब तक बड़े-बड़े कारखाने के बंद होने के बाद बढ़ रही बेरोजगारी को दूर करने के लिए रोजगार प्राप्ति हेतु कोई घोषणा नहीं की गई है। सूपा ने कहा कि पिछले बजट की 10 बड़ी घोषणाओं पर भी बजट में कोई फोकस नहीं किया गया है। जिनमें मुख्य रूप से जयपुर आगरा हाईवे पर जीरो एक्सीडेंट जोन बनाने, डीग बृज क्षेत्रीय विकास योजना, बांसवाड़ा पर्यटन सर्किट तथा कोटा भामाशाह मंडी विस्तार सहित अन्य घोषणाएं भी हैं, इनके अलावा 2024 में प्रदेश को भाजपा सरकार द्वारा 1000 इलेक्ट्रिक बसे देने का वादा किया गया था, लेकिन 2 साल बीतने के बाद भी आज तक एक भी नई बस नहीं आई है। सूपा ने कहा कि बड़ी विडंबना है कि अब तक की कुल घोषणाएं 2717 में से मात्र 754 घोषणाओं पर काम अमल में आया है। भाजपा शासित अन्य राज्यों की तरह से राज्य में भाजपा सरकार होने के बाद भी पेट्रोल, डीजल तथा गैस के दामों पर कमी नहीं की गई है। भरतपुर संभाग के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग आरबीएम अस्पताल में एम्स अस्पताल जैसी सुविधाएं दिलाने के बारे में भी कोई घोषणा नहीं की गई है। जिला अध्यक्ष सूपा सहित जिले के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने कहा कि बजट में 3467 ठ्ठाम पंचायत में विकास के लिए 3000 करोड़ की घोषणाएं हैं। जबकि सच्चाई यह है कि यह फंड केंद्र से आता है और वो भी राज्य में अभी तक ठ्ठाम पंचायत के चुनाव न होने की वजह से लेप्स होगा।

कार्यशाला

भरतपुर (निस)। रूपवास पंचायत समिति सभागार में मुख्यमंत्री वर्क फ्राम होम-जॉब वर्क योजना की कार्यशाला हुई। जिसमें महिला अधिकरिता के उपनिदेशक राजेश कुमार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाने के लिए व रोजगार व आजीविका के क्षेत्र में योगदान बढ़ाने के बारे में बताया।

SWAMIVIVEKANAND AYURVED NURSINGH TRAINING CENTRE KURGAON
Recognized by Rajasthan Ayurvedic Nursing Council, Jaipur.
ADMISSION OPEN 2025-26
Course: Diploma in Ayush Nursing & Pharmacy
Eligibility: 12th Pass (Any Stream)
Age: 17+
Last Date: 16 Feb 2026
Cont:(Principal)
Mob:-9414486567

राजस्थान सरकार
जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, करौली
क्रमांक:-एफ.()/निविदा./2026/2097 दिनांक:-11.02.2026
खुली निविदा सूचना संख्या-01/2025-26
स्थानीय कार्यालय की ओर से पंच गौरव कार्यक्रम के अन्तर्गत करौली, धौलपुर सेण्ड स्टोन से निर्मित मोमेन्टो की आपूर्ति किये जाने हेतु इच्छुक विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोली दाता/संवेदकों/विर्निमाताओं (अनुमानित लागत 4.50 लाख) से खुली बोली दिनांक 18.02.2026 समय प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण स्थानीय कार्यालय एवं वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
NIB No. DSI2526A0065
UBN No. DSI2526GSOB00083
महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र करौली

OFFICE OF DISTRICT PROJECT MANAGER, RGAVP, KARAULI (RAJ)
Sr. no.-8811 Date:- 07.02.2026
Notice inviting E-Tender
E Tender for Hiring of Event management agency/ Individual/firm for Rajsakhi karauli Fair 2026 are invited from interested bidders up to 12.00 PM of 13.02.2026 Other particulars of the tender may be visited of procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.govi.in and Departmental websiste http://www.rajeevika.rajasthan.gov.in
UBN. RGA2526SLOB00363
DPM

कार्यालय नगर पालिका सूरौठ, जिला करौली (राज.)
क्रमांक :- 544 दिनांक - 04.02.2026
ई-निविदा सूचना वर्ष 2025-26
नगर पालिका सूरौठ की ओर से विकास / निर्माण / मरम्मत निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी के नगर परिषद/नगर निगमों/नगर विकास निकायों, जयपुर विकास प्राधिकरण, आवासन मण्डल व केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त पंजीकृत संवेदकों, प्लेसमेंट एजेन्सी एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान के एए. ए. बी श्रेणियों के संवेदकों/फर्मो के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ई-निविदा प्राप्त की जावेगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण बेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in तथा eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
NIB CODE : DLB2526B1273
UBN NO. DLB2526WSOB33285, 33286, 33287, 33290
अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सूरौठ
राज.संवाद/सी/25/19562